समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Sunday, 30 August 2026

# एकनाथ शिंदे अचानक दिल्ली रवाना, भाजपा के शीर्ष नेताओं से करेगें मुलाकात, केद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार की अटकले तेज

Sanket Morankar
Published on 14 Jul 2026



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री **एकनाथ शिंदे** मंगलवार को अचानक दिल्ली दौरे पर रवाना हो गए। उनके इस दौरे ने राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है, क्योंकि केंद्र सरकार के संभावित मंत्रिमंडल विस्तार से पहले इसे बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, शिंदे दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री **देवेद्रं फडणवीस** भी दिल्ली पहुंचे थे, जहां उनकी केंद्रीय गृह मंत्री **अमित शाह** से मुलाकात हुई थी। ऐसे में लगातार हो रही इन बैठकों को केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार और महाराष्ट्र की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार पर बढ़ीं चर्चाएं

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। इसी को लेकर दिल्ली में लगातार बैठकों का दौर जारी है। माना जा रहा है कि इस विस्तार में कुछ नए चेहरों को मौका मिल सकता है, जबकि कुछ मौजूदा मंत्रियों की जिम्मेदारियों में बदलाव भी संभव है।

श्रीकांत शिंदे समेत कई नाम चर्चा में

राजनीतिक चर्चाओं के बीच **श्रीकांत शिंदे** का नाम संभावित केंद्रीय मंत्रियों की सूची में बताया जा रहा है। इसके अलावा शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) छोड़कर शिंदे गुट में शामिल हुए कुछ सांसदों को भी मंत्रिमंडल में स्थान मिलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, इन नामों को लेकर अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दिल्ली दौरे पर टिकी राजनीतिक नजरें

एकनाथ शिंदे का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब महाराष्ट्र और केंद्र की राजनीति में कई तरह की संभावनाओं पर चर्चा जारी

है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा और सहयोगी दलों के बीच आगामी रणनीति तथा मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

आधिकारिक पुष्टि का इंतजार

फिलहाल भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) या केंद्र सरकार की ओर से मंत्रिमंडल विस्तार अथवा संभावित नियुक्तियों को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। ऐसे में सभी की निगाहें दिल्ली में होने वाली बैठकों और आगामी राजनीतिक घटनाक्रम पर बनी हुई हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.